पेज थ्री देहरादून

हमारा दून



## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड में दो महिला पुलिसकर्मियों समेत 15 लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना संक्रमित मरीजों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार को दो महिला पुलिसकर्मी समेत 15 लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। इनमें 13 मामले ऊधमसिंहनगर में सामने आए हैं, जबकि दो मामले देहरादून जिले के डोईवाला से हैं। प्रदेश में अब कोरोना संक्रमित मरीजों का आंकड़ा बढ़कर 2707 हो गए हैं। इनमें से 1758 यानी करीब 65 फीसद ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। वहीं, 895 मरीज अलग–अलग अस्पतालों और कोविड केयर सेंटरों में उपचाराधीन हैं। 17 मरीज राज्य से बाहर चले गए हैं, जबकि 36 मरीजों की मौत हो चुकी है।

### उत्तराखंड अभिभावक संघ एवं भारतीय किसान यूनियन तोमर का डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। विसंगत एक पक्षीय फीस मसौदे के आधार पर जारी किये शासनादेश को निरस्त किये जाने की मांग को लेकर उत्तराखंड अभिभावक संघ एवं भारतीय किसान यूनियन तोमर ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। आज दोनों संगठनों के कार्यकर्ता संयुक्त रूप से जिलाधिकारी कार्यालय में इकट्ठा हुए और इस शासनादेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त किये जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

### अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर ऑनलाइन चार्ट प्रतियोगिता संपन्न

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोईवाला एवं डोईवाला कोतवाली के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर एक ऑनलाइन चार्ट प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस अवसर पर अर्चित गौतम बीएससी सिक्स सेमेस्टर प्रथम, हिमानी बीएससी सिक्स सेमेस्टर द्वितीय एवं शिवानी उनियाल बीएससी प्रथम वर्ष को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

### मौजूदा स्थिति में गर्भावस्था के दौरान सेहतमंद व सुरक्षित रहने के लिए सुझाव

**संवाददाता** देहरादून। सोशल डिस्टैंसिंग एवं घर पर बने रहना मौजूदा समय की सामान्य जीवनशैली बन चुका है, जिसने हमारे जीने का तरीका बदल दिया है हम सभी नई जीवनशैली के अनुरूप ढल रहे हैं, लेकिन यह समय गर्भवती महिला के लिए बहुत तनाव पूर्ण है क्योंकि उनके मन में अनेक प्रकार के भ्रामक विचार आते हैं कि इस स्थिति से बाहर कैसे निकला जाए। गर्भावस्था के दौरान त्वचा की आम समस्याओं को दूर करने के लिए मालिश व मॉईस्चुराईजेशन को अपनी दिनचर्या में शामिल करें मसाज ऑईल से सुकूनभरी मसाज करें।

# डेंगू निरोधात्मक उपाय सुनिश्चित करें डीएम

**निर्देश**

क्वारेंटाईन सेंटरों और कोविड केयर सेंटरों के आसपास जलभराव न हो

जन–जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जाए

**संवाददाता**

देहरादून। कोविड–19 के साथ ही डेंगू की रोकथाम के लिए भी प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं। सचिव अमित सिंह नेगी ने सभी जिलाधिकारियों को डेंगू निरोधात्मक गतिविधियों का संचालन करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारियों को जारी निर्देशो में यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि कोविड–19 के नियंत्रण के लिए बनाए गए क्वारेंटाइन फैसिलिटी और कोविड केयर सेंटरों में जलभराव की समस्या न हो। इसी प्रकार जिला चिकित्सालयों और अन्य चिकित्सा इकाईयों में भी पानी इकट्ठा न होने पाए। यहां जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए पीआरडी के कार्मिकोंध्स्वयंसेवकों को तैनात किया जा सकता है। जिन स्थानों पर भी पानी की निकासी अवरुद्ध रहती है, वहां समस्या का निराकरण समय से कर लिया जाए।

जन जागरूकता व जनसहभागिता के लिए आईईसी संसाधनों का समुचित व समयान्तर्गत उपयोग हो। स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य विभागों जैसे नगर निगम, शिक्षा विभाग, ग्राम्य एवं शहरी विकास, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, लोक निर्माण, जल संस्थान, जल निगम आदि में अंतर्विभागीय समन्वय किया जाए। सभी जिलाधिकारी, डेंगू की रोकथाम के लिए किए जा रहे कार्यों की नियमित रूप से समीक्षा भी करें।

**प्लेटलेट्स की उपलब्धता सुनिश्चित हो:** डेंगू पीड़ित गंभीर रोगियों के लिए प्लेटलेट्स की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। डेंगू जांच केन्द्रों में समय से आवश्यक सामग्री जैसे एलिसा जांच किट व अन्य जांच सामग्री की उपलब्धता अवश्य हो। डेंगू रोगियों की शुरूआती चरण में पहचान के लिए फीवर सर्वे किये जाए, लक्षणों के आधार पर डेंगू रोग की संदिग्धता होने पर जांच की जाये।

डेंगू रोगी पाये जाने की स्थिति में रोगी के घर के आस–पास लगभग 50 घरों की परिधि में आवश्यक रूप से स्पेसध फोकल स्प्रे कराने के साथ–साथ जनपदीय आर0आर0टी0 द्वारा क्षेत्र में सघन फीवर सर्विलेन्स एवं लार्वा निरोधात्मक कार्यवाहियां (सोर्स रिडक्शन) कराई जाएं। स्वास्थ्य विभाग व आईएमए प्रतिनिधियोंधनिजी चिकित्सालयों पैथोलॉजी लैबों के मध्य समन्वय बैठक की जाये ताकि आमजन में डेंगू रोग के प्रति व्याप्त भ्रान्ति भय को दूर किया जा सके। किसी भी प्रकार की आकस्मिक आपातकालीन आवश्यकता के दृष्टिगत जनपद स्तर पर जिला कार्ययोजना में भी डेंगू के लिए अतिरिक्त बजट का प्रावधान किया जाये।

**डेंगू की रोकथाम के लिए ब्लॉकवार माइक्रो प्लान**

डेंगू रोग पर रोकथाम और नियंत्रण के लिए ब्लाक वार, माइक्रो प्लान बनाकर कार्यवाही की जाए। जनपदों के चिकित्सालयों (जिला/बेस व मेडिकल कालेज) में भारत सरकार की गाईडलाइन के अनुसार आवश्यक कार्यवाही जैसे पृथक डेंगू आईसोलेशन वार्ड तैयार कर मच्छरदानी युक्त पर्याप्त बेड की उपलब्धता, स्टेंडर्ड केस मैनेजमेंट आदि सुनिश्चित किया जाए और डेंगू आइसोलेशन वार्ड के लिए नोडल अधिकारी नामित किया जाए।

### नगर क्षेत्रों में पार्षदों के सहयोग से हो साफ–सफाई

सचिव अमित सिंह नेगी ने सभी नगर निगमों के नगर आयुक्तों और नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को नगर क्षेत्रों में जन सहयोग से डेंगू की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। नगर निगमों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जाये ताकि डेंगू रोग के मच्छरों को पनपने से रोका जा सके। समस्त पार्षदों के सहयोग से लोगों को जागरूक किया जाए और साफ–सफाई की मॉनिटरिंग की जाए।

**डेंगू के लिए हेल्पलाईन 104:** आमजन को डेंगू सम्बन्धी जागरूकता और समुचित जानकारी प्रदान करने के लिये राज्य मुख्यालय पर इंटीग्रेटेड हेल्पलाईन क्रियाशील है जिसका टोल फ्री नं 104 है। इसी प्रकार जनपद स्तर पर डेंगू के संक्रमण काल के दौरान कन्ट्रोल रूम स्थापित कर उक्त दूरभाष न० से राज्य एनवीबीडीसीपी यूनिट को अवगत कराया जाए।

**अहनलाइन कक्षाओं में डेंगू से बचाव की जानकारी दी जाए:** सचिव श्री नेगी ने शिक्षा विभाग से भी अपेक्षा की है कि विद्यार्थियों को ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से डेंगू रोग से बचाव के लिए जागरूक किया जाए। अभिभावकों को भी जागरूक किया जाए। सभी विभागाध्यक्षों को भी निर्देशित किया गया है कि राजकीय कार्यालयों में नियमित रूप से परिसर में साफ सफाई की जाए। पानी की टंकियों को ढक कर रखा जाए।

# दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारम्भ

**विमोचन**

■सीएम ने किया 'स्मार्ट कॉम–2020'' पर आधारित पुस्तिका का भी विमोचन

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जी.बी.पंत इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, घुड़दौड़ी, पौड़ी गढ़वाल द्वारा ''स्मार्ट, मशीन इंटेलिजेंस और रियल–टाइम कम्प्यूटिंग '' विषय पर आयोजित दो दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय सेमिनार का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जी.बी.पंत इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, घुड़दौड़ी, पौड़ी गढ़वाल की 'स्मार्ट कॉम–2020'' पर आधारित पुस्तिका का विमोचन भी किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड–19 के कारण देश जिस विषम परिस्थितियों के दौर से गुजर रहा है। इन परिस्थितियों में तकनीक का महत्व और अधिक बढ़ गया है। समय की मांग एवं अभियांत्रिकी के इस युग में टेक्नोलॉजी को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक का जितना अधिक इस्तेमाल होगा उससे कार्यों में और अधिक पारदर्शिता आयेगी और समय की बचत भी होगी। हमारा प्रयास है कि आने वाले डेढ़–दो वर्षों में अपने प्रदेश के सुदूरवर्ती गांवों में भी तकनीक के माध्यम से सम्पर्क कर सकें।

सीएम ने जी.बी.पंत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, घुड़दौड़ी, पौड़ी गढ़वाल को स्मार्ट, मशीन इंटेलिजेंस और रियल–टाइम कम्प्यूटिंग '' विषय पर अन्तरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन करने पर बधाई देते हुए कहा कि तकनीकि शिक्षा कुशल जनशक्ति का सृजन कर, औद्योगिक उत्पादन को बढ़ाकर और लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करके देश के मानव संसाधन विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह सम्मेलन तकनीकि क्षेत्र में अनुसंधान कार्य को बढ़ावा देने और नवीन विचारों का साझा करने में सफल होगा।

### भारत–चीन सीमा पर शहीद हुए सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस पार्टी के तत्वाधान में आज पूरे देश में भारत–चीन सीमा पर शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसी कार्यक्रम के तहत आज देहरादून महानगर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेसजनों ने देहरादून स्थित शौर्य स्थल पर जाकर भारत–चीन सीमा पर गलवान घाटी में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने प्रतिभाग करते हुए शहीद स्थल पर पुष्प चक्र चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किये। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसजन प्रदेश कार्यालय में एकत्रित हुए जहां से उन्होंने शौर्य स्थल पहुंचकर देश की रक्षा के लिए शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि 16 जून की रात चीन सीमा पर भारतीय सेना पर हमला इनकी विदेश नीति की अपरिपक्वता को दर्शाता है।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices

All Apple Touch Phones & Tablets

All Android Touch Phones & Tablets

All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News

Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।